*प्रेस विज्ञप्ति*

*कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज, दिनांक 12 नवम्बर, 2023*

*आज दिनांक-12.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में जनपद महराजगंज पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य का विवरण*

*1*."मिशन शक्ति अभियान" के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं/महिलाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरुक।

*2*. महराजगंज पुलिस द्वारा बैंक, एटीएम, वित्तीय प्रतिष्ठान आदि की सघन चेकिंग कर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई।

*3*. *यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग*- जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर *110* वाहनों का चालान किया गया।

*4*. पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, कास्तकारों, किसानों के साथ थानों में शान्ति समिति की बैठके कर सौहार्दपूर्ण,स्वस्थ वातावरण बनाए रखने हेतु एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी । तथा समस्त थानों प्रभारियों को उपरोक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

*5* *शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही* जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल-*45* व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151, तथा धारा-107/116 सीआरपीसी में -*00* व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

*6*. *पैदल गश्त अभियान*- श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे पैदल गश्त अभियान के तहत जनपद पुलिस के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बा में स्थित चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया। जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके। तथा *14* व्यक्तियों को धारा 34 पुलिस एक्ट में कार्यवाही की गयी। तथा *00* व्यक्तियों को धारा 110 पुलिस एक्ट में कार्यवाही की गयी।

*7* *आबकारी अधिनियम में की गयी कार्यवाही*

*थाना परसामलिक पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही* 1.अभि0 अमरजीत सिंह पुत्र साधू सिंह नि0 महदेईया थाना परसामलिक जनपद महराजगंज के द्वारा कूटरचित नम्बर प्लेट बनाकर मो0सा0 को चलाना जिसमें अभियुक्त के पास 01 अदद मो0सा0 बरामद करते हुये थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 175/2023, धारा-406,420,467,468 भादवि0 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कार्यवाही की गई ।

*थाना निचलौल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही* 1.अभि0 अजय शर्मा उर्फ विजय पुत्र चुल्हाई शर्मा 2.शिवबालक चौधरी उर्फ मल्लू पुत्र दिलीप चौधरी नि0गण कड़जा थाना ठूठीबारी जनपद महराजगंज के द्वारा वादी के ट्रैक्टर की बैट्री चुराकर भागना व वादी के शोर करने पर गांव वालो द्वारा पंड़क लेना जिनके कब्जे सें एक अदद बैट्री मय रिन्च के साथ बरामद करते हुये थाना स्थानीय मु0अ0सं0 571/2023,धारा-379,511,411 भादवि के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कार्यवाही की गई ।

*थाना पनियरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही* 1.अभि0 सुरेश कुमार पुत्र फौजदार नि0 मोहद्दीनपुर टोला अहिरौली थाना पनियरा जनपद महराजगंज के द्वारा वादी की मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्लस अभियुक्त सुरेश कुमार द्वारा चोरी करना तथा मोटरसाइकिल सहित बरामद करते हुये अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय मु0अ0सं0 476/2023, धारा-379,411 भादवि के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कार्यवाही की गई ।

*थाना नौतनवां पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही* 1.अभि0 महेश लोध पुत्र दिनेश लोध नि0 वार्ड नं0 04 कैलाशनगर मोहल्लाह माधवरामनगर थाना सोनौली महराजगंज 2. कृष्ण मोहन यादव पुत्र रामदास यादव निवासी आलमचक बनकटवा थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर के कब्जे सें 20 ग्राम स्मैक,300 रुपया भारतीय मुद्रा,01 अदद मोटर साइकिल,02

अदद मोबाइल एन्ड्रायड बरामद करते हुये थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 374/2023,धारा-8/21/23 एनडीपीएस अभियोग पंजीकृत  कार्यवाही की गई ।

*थाना कोठीभार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही*  1.अभि0 प्रियाशु पुत्र कपूर 2.दुर्गेश कुमार पुत्र ईश्वर प्रसाद नि9 मीराबाई नगर वार्ड नं0 25 कस्बा सिसवा 3.सुनील सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी नि0 नौका टोला शाहूजी नगर वार्ड नं0 04 कस्बा सिसवा 4.सोनू पुत्र शिवनरायण नि0 वार्ड नं0 25 मीराबाईगन 5.मधुरेश पुत्र नरेश 6.अशोक कुमार पुत्र सुरेश 7.अनिल भगत पुत्र बेलास भगत नि0 वार्ड नं0 25 मीराबाईगन 8.राजू शर्मा पुत्र कन्हैया शर्मा नि0 मेन मार्केट वार्ड नं0 24 चित्रगुप्ता नगर कस्बा सिसवा 9.मनोज वर्मा पुत्र ठाकुर प्रसाद नि0 वार्ड नं0 25 मीराबाईगन थाना कोठीभार महराजगंज को जुवा खेलने के दौरान अभियुक्तगणो के पास सें ताश के 52 पत्ते व मालफड़ 70000 रुपया व जमा तलाशी का 36240 रुपया बरामद करते हुये थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 478/2023, धारा-13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम अभियोग पंजीकृत  कार्यवाही की गई ।

*थाना सोनौली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही*  1.अभि0 अजय यादव पुत्र जगदीश यादव नि0 महुअवा 2.चिन्ते पुत्र बदरी नि0 भगवानपुर 3.पुनवासी पुत्र अर्जुन नि0 बरगदवा उर्फ गनवरिया 4.गुलाब पुत्र रामबेलास गौड़ 5. मनीराम यादव पुत्र रामदास यादव 6.वसीउल्लाह पुत्र हदीश निवासीगण हलदीडाली छोटका टोला थाना सोनौली महराजगंज के द्वारा पशु क्रूरता सें सम्बंधित अपराध करने का अभ्यस्त अपराधी के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 निल/2023, धारा-3/4 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम अभियोग पंजीकृत कार्यवाही की गई ।

*8* *विवेचनाओं का निस्तारण* -  पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल- *24*  विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

*09*. जनपद में 11/12.11.2023 को विभिन्न अपराधों में कुल- *60* अभियुक्तो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।

*10* *आदेश*- महराजगंज पुलिस द्वारा शान्ति सुरक्षा, कानून व्यवस्था अपराध नियन्त्रण को सुचारू रुप से संचालित करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकीरियों/थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त किया जायेगा।।